तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार, 2 दिसंबर 2024

08 रामकृष्ण मिशन नारायणपुर ने चरचा...



08 जोन स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक...





# जांच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले 1639 वाहन

## वाहनों पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने किया 34.66 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग की विभिन्न सड़कों में वाहन बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम रायपुर, उड़ीसा, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम रोड में वाहनों की जांच कर सख्ती की गई। इस दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले 1639 वाहन मिले, जिनसे 34 लाख 66 हजार 959 रुपए का जुर्माना किया गया। साथ ही 1522 वाहनों से 20 लाख 29 हजार 300 रुपए, 16 वाहनों का बकाया टैक्स 8 लाख 91 हजार 459 रुपए, 101 वाहनों से ई-चालान से 5 लाख 46 हजार 200 रुपए एवं ओव्हरलोड 4 वाहनों पर 1 लाख 14 हजार रुपए का राजस्व वसूल किया गया। इसके अलावा सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों पर कार्रवाई की और नो-पार्किंग में दूसरी बार वाहनें खड़ी होने की स्थिति में जब्त किया जाएगा।



### यात्री बसों पर भी कसा शिकंजा

उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से चल रही वाहनों की जांच के दौरान यात्री बसों की भी देखा जा रहा है। इसमें टीम को यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब मिलने पर टीम द्वारा जुर्माना की जा रही है।

### उल्लंघन पर हो रही कार्रवाई

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि परिवहन नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है।

---

## खबर संक्षेप

### अफसर बनकर गांव पहुंचने पर आदिवासी बेटे का जोशीला स्वागत




**लोहण्डीगुड़ा।** बस्तर जिले के विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के ग्राम पंचायत गढ़िया परियागुड़ा निवासी 25 वर्षीय मुन्ना कश्यप का छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में आदिम जाति, अनुसूचित जाति विभाग में सहायक संचालक के पद पर चयन हुआ है। किसान गरीब परिवार से अधिकारी बनने पर गांव में खुशियां दिखी। आज गांव पहुंचने पर परिवार एवं गांव वालों ने जोशीला स्वागत किया। किसान रामनाथ कश्यप का पुत्र मुन्ना को आदिवासी केटेगरी में 13वां रेंक और ओव्हरऑल में 397 रैंक प्राप्त हुआ है। स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा। बताया गया कि पहली बार गांव का युवक अफसर बना है। इस दौरान पिता रामनाथ कश्यप, माता लखमी कश्यप, बड़े पिता सुकचंद कश्यप, चाचा सुकदेव कश्यप, बड़े भाई भरत कश्यप,भाई लालमन कश्यप, चाची लक्षनी कश्यप, अनती कश्यप, मालती कश्यप,चंद्रभान कश्यप,छोट, रमेश, संतोष,लच्छूराम, लच्छीन, मुरिया समाज अध्यक्ष जगदीश मौर्य,तुलूराम कश्यप, चमन मौर्य, सहित गांव के सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे, जहां मुन्ना को फुलमालाओं से लाद दिया गया।

### कोंडागांव में 4 को रोजगार मेला, 4225 पदों पर भर्ती



**कोण्डागांव।** जिले के शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, मॉडल कैरियर सेंटर कोंडागांव द्वारा 4 दिसंबर बुधवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सुरडोंगर मैदान, केशकाल में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 12 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और अपनी संस्थाओं में 4225 विभिन्न पदों पर भर्ती करेंगी। निजी क्षेत्र में नौकरी की तलाश कर रहे इच्छुक और पात्र युवक–युवतियां इस मेले में भाग ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की जरूरत पड़ेगी।
जिले के शिक्षित बेरोजगत उठाए लाभ – जिला प्रशासन ने जिले के युवाओं से कहा है कि वे इस रोजगार मेले में बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी प्राप्त करने का अवसर न चूकें। यह मेला जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने और अपने करियर को नई दिशा देने का एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

### केरागांव में जोन स्तरीय खेल का हुआ समापन





**केशकाल।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत केरागांव में तीन दिवसीय जोन स्तरीय संकुल के अंतर्गत प्राथमिक और माध्यमिक शाला के ▶▶|शेष पेज 8 पर

---

**प्रेस कांफ्रेंस:** जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने कहा- भाजपा नेता अफसरों पर दबाव बनाकर करवा रहे काम

# 50 परसेंट से ज्यादा काम होने के बाद टेंडर जारी पीडब्ल्यूडी के अफसरों पर लग रहे गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



न खाऊंगा और न खाने दूंगा का स्लोगन वाली भाजपा भ्रष्टाचार में लिप्त है। सुकमा में जो भाजपा नेता कांग्रेस सरकार में अपने आप को पाक साफ कहते थे आज सरकारी राशि के बंदरबांट में लगे हैं। विकास कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। स्लैब स्तर तक पुल का काम होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने करोड़ों का टेंडर जारी किया है। इससे प्रतीत होता है कि भाजपा की सरकार में अफसर दबाव में काम करने मजबूर हैं और नियमों को ताक पर रख करोड़ों रुपए के कार्य अपने चहेते ठेकेदारों से कराए जा रहे हैं। कांग्रेस जल्द ही निविदा प्रक्रिया के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी और निविदा को रद्द कर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग करेगी।

- नक्सल प्रभावित परिया और मुलेर में 1–1 करोड़ की लागत से हो रहा पुल का निर्माण

यह बातें जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और मनमानी का आरोप लगाने वाले भाजपा नेता सत्ता में आने के बाद स्वयं अनियमितता में लिप्त हो गए हैं। अपने चेहतों को काम दिलाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रहे है। नक्सल प्रभावित परिया और मुलेर में पुल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है लेकिन निविदा अभी आमंत्रित की गई है। लोक निर्माण विभाग के अफसरों पर दबाव बनाकर भाजपा नेता विकास कार्यों में धांधली करने में लगे हैं। कांग्रेस सरकार में कई आरोप लगाए लेकिन भाजपाइयों ने एक सबूत तक नहीं जुटा पाए थे।

पुल निर्माण में बरती जा रही अनियमितता के सबूत कांग्रेस के पास है। लोनिवि के इंजीनियर और अफसरों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बिना किसी आदेश के इंजीनियर ने पुल निर्माण का कैसे लेआउट दे दिया, इस पर जांच होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी के पास पर्याप्त सबूत हैं। इस दौरान जगन्नाथ राजू साहू, राजेश नारा, कोसाराम और समीर मौजूद रहे।

### आश्रम-छात्रावासों से वसूली में व्यस्त

हरीश कवासी ने स्थानीय भाजपा नेताओं पर आश्रम-छात्रावासों से वसूली करने का आरोप भी लगाया है। जिले के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय भाजपा नेता वसूली और सप्लाई में लगे हैं।

---

# नक्सली मंसूबे को किया विफल, 4 आईईडी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेरते हुए 4 आईईडी बरामद कर उसे सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया। नक्सलियों ने पहली बार 10 किलो के आईईडी में जिंदा एचई को प्लांट किया था जो काफी शक्तिशाली था।

- 10 किलो के आईईडी में लगा रखा था जिंदा एचई बम

पुलिस ने बताया कि डीआरजी और बीडीएस की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान में गोरना, मनकेली व इशुलनार की तरफ़ निकली थी। सर्चिंग के दौरान गोरना, मनकेली रोड पर डी माइनिंग के दौरान बीडीएस की टीम ने 5 -5 किलो के 3 आईईडी बरामद किये। नक्सलियों ने आईईडी को पगडंडी कच्चे रास्ते पर लगाये थे। तीनों आईईडी को नक्सलियों ने प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया हुआ था। वही इससे थोड़ी दूरी पर सड़क पर ही 10 किलो का आईईडी प्लांट किया था। चारों आईईडी को सुरक्षित तरीके से वही निष्क्रिय कर दिया गया।

---

# गर्भवती को खाट पर लादकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के उसूर ब्लाक के अंदरूनी व संवेदनशील गांव बोगला नदीपारा में रहने वाली गर्भवती महिला को युवकों ने खाट में लादकर नदी नाले पार कर एम्बुलेस तक पहुंचाया।

मिली जानकारी के मुताबिक मडकम मंगो पति मडकम अंदो उम्र 20 वर्ष रविवार की सुबह प्रसव पीड़ा से असहाय महसूस कर रही थी। महिला ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रसव पीड़ा के बारे बताया। जिसके बाद बोगला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने 102 एम्बुलेस को फोन कर इसकी जानकारी दी। वहीं पति मडकम अंदो ने अपने गांव के कुछ युवाओं से मदद मांगी और युवाओं ने तत्काल खाट में लादकर नदी नाले पार कर 102 एंबुलेंस तक पहुंचाया। महिला को आवापल्ली अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है और अब वह खतरे से बाहर है।

# चोरी के 4 आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

किरन्दुल थाना क्षेत्र में चार चोरों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। चोरों को पुलिस ने रिपोर्ट के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरों से सामान बरामद कर लिया है।

- चोरी का सामान भी बरामद

चोरों की सक्रियता पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला तथा आरके बर्मन के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत साहू के नेतृत्व में बीती रात 3 बजे आरडी इंजीनियरिग कम्पनी रेपिड लोडिंग सिस्टम ब्यू पाइंट किरन्दुल से ▶▶|शेष पेज 8 पर

# दंतेश्वरी मंदिर से मैराथन में सैकड़ों लोगों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को वर्ल्ड एड्स डे में मैराथन और एड्स जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों युवक-युवती व बड़ी संख्या में नागरिक सम्मलित होकर अभियान का हिस्सा बने।

- बस्तर को एड्स मुक्त करने के लिए युवाओं ने लिया संकल्प

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डॉ. मैत्री , डॉ.रीना लक्ष्मी लेंडिया एवं मेडिकल कॉलेज



डिमरापाल से प्रोफेसर डॉ. केएल आजाद और डॉ.कमलेश इज़ारदार भाग लिया। डॉ. बसाक ने एड्स के परिवर्तित नाम पीएलएचए की भयावहता पर प्रकाश डालते हुए बस्तर को एड्स मुक्त करने की बात कही। डॉ. आजाद ने जीवन में किसी भी प्रकार का नशा ना करने कहा। डॉ. कमलेश ने युवाओं को एड्स से बचाव के तरीकों के प्रति मार्गदर्शन दिए। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट संदीप कमांडर मुरारका के मार्गदर्शन में बस्तर यूनिट के प्रेसिडेंट अनिल लुंकड़ एवं सदस्य अनिल अग्रवाल,विधू शेखर झा,कोटिश्वर नायडू,मनीष मूलचंदानी,रतन व्यास, ललित अग्रवाल मौजूद रहे।

---

**सीजी पीएससी में एसटी कैटेगिरी में 32वां रैंक**

# घोर नक्सल प्रभावित जिले की बदल रही तस्वीर सुकमा की चंदा नाग बनी नायब तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में एसटी कैटेगरी में 32वां रैंक हासिल कर सुकमा जिले का नाम रौशन करने वाली कु. चंदा नाग नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुई है। पिता गंगाराम नाग सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। वहीं माता कुसुम नाग समाज सेविका के साथ राजनीतिक दल से जुड़ी हैं। तीन प्रयासों में असफलता मिलने के बाद चंदा ने चौथी बार कड़ी मेहनत की और सीजीपीएससी को क्लियर किया। उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार के पद पर चयन हो गया है लेकिन लक्ष्य अभी पूरा नहीं हुआ है। डिप्टी कलेक्टर बनना सपना है। चन्दा के प्रशासनिक अफसर बन जाने से गांव और परिवार में खुशी की लहर है। घोर नक्सल प्रभावित जिले के रूप में पहचान बना चुके सुकमा की छवि अब धीरे-धीरे बदल रही है। यहां के युवाओं ने इसकी पहचान ही नहीं बल्कि इसकी तकदीर को भी बदलने का बीड़ा उठाया लिया है। डॉक्टर से लेकर प्लाटून कमांडर जैसे प्रशासनिक पदों पर जिले के युवाओं की पोस्टिंग हो रही हैं। इसी कड़ी में सुकमा जिले के पाकेला की रहने वाले गंगाराम नाग की बेटी चंदा नाग नायब तहसीलदार के लिए चयनित हुई हैं।



चंदा नाग के लिए सीजीपीएससी क्लियर करना आसान नहीं था। प्राइमरी स्कूल की पढ़ाई बालक आश्रम पाकेला में की। लड़कों के बीच ▶▶|शेष पेज 8 पर

### हार नहीं मानी चंदा

हरिभूमि से बातचीत में चंदा नाग ने बताया कि सीजीपीएससी में चौथी बार में सफलता मिली है। पहली बार मेन्स तक पहुंची थी लेकिन इंटरव्यू तक नहीं पहुंच सकी। उसके बाद दोबारा कड़ी मेहनत कर प्री, मेन्स निकालने के बाद दो बार इंटरव्यू तक पहुंची। यहां भी असफलता ही हाथ लगी। चौथी बार चंदा ने पुराने गलतियों से सबक लेते हुए चौथी बार सीजीपीएससी की तैयारी की। इस बार मेहनत रंग लाई और चंदा ने इंटरव्यू को भी क्लियर कर लिया।

### माता-पिता का मिला सपोर्ट

चंदा नाग की माता कुसुम नाग और शिक्षक पिता का सपोर्ट मिला लेकिन सबसे ज्यादा सपोर्ट चाचा गंगाराम का मिला। हायर स्टडीज में बिलासपुर में पारस साहू ने मेंटर के रूप में साथ दिया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

